
नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बिना इंटरनेट कैसे चलाएं यूट्यूब, यहां जानिए तरीका।

Publisher

Published on 12 May 2025



## यूट्यूब वीडियो को बताये गए कुछ स्टेप्स को फॉलो करके आप ऑफलाइन मोड मे बिना इंटरनेट के भी देख सकते है. तो अगर आप कही यात्रा कर रहे है और आपके पास इंटरनेट नहीं है तो ये आर्टिकल जरूर पढ़े.

यूट्यूब अब हर उम्र के लोगों की पसंद बन चुका है. बच्चों से लेकर बड़ों तक, सबको इसमें कुछ न कुछ पसंदीदा देखने को मिल जाता है. कोई मस्ती भरे वीडियो देखता है, तो कोई पढ़ाई से जुड़े टॉपिक. लेकिन मुश्किल तब आती है जब इंटरनेट बंद हो जाए और घर का छोटा बच्चा जिद पकड़ ले कि उसे यूट्यूब देखना है. ऐसे में सवाल उठता है कि बिना नेट के यूट्यूब कैसे चलेगा ?

ये शायद बहुत कम लोगों को पता होगा लेकिन यूट्यूब को बिना इंटरनेट के भी इस्तेमाल किया जा सकता है. इसके लिए बस थोड़ा सा पहले से तैयारी करनी होगी. आइए जानते हैं इसका आसान तरीका.

ऑफलाइन यूट्यूब देखने का तरीका

१. सबसे पहले मोबाइल या टैबलेट में जब इंटरनेट चालू हो, तब यूट्यूब ऐप ओपन करें।

२. इसके बाद जो वीडियो आप बाद में बिना इंटरनेट देखना चाहते हैं, उसे सर्च करें और चलाएं.

३. वीडियो स्क्रीन के नीचे की तरफ आपको 'डाउनलोड' का विकल्प दिखाई देगा. उस पर क्लिक करें.

४. यूट्यूब आपसे पूछेगा कि वीडियो किस क्वालिटी में डाउनलोड करना है- लो, मीडियम या हाई. मोबाइल डेटा हो तो लो क्वालिटी चुनें, और अगर Wi-Fi है तो हाई क्वालिटी में भी डाउनलोड किया जा सकता है.

५. क्वालिटी सेलेक्ट करते ही वीडियो सेव होने लगेगा. अब ये वीडियो बिना नेट के भी चलाया जा सकता है.

६. बिना इंटरनेट डाउनलोड वीडियो कैसे देखें ?

जब इंटरनेट उपलब्ध न हो और आपने पहले से वीडियो डाउनलोड कर रखा हो, तो यूट्यूब ऐप ओपन करें, फिर ऊपर दाईं ओर बने अपने प्रोफाइल आइकन पर टैप करें. इसके बाद 'डाउनलोड्स' वाले विकल्प पर जाएं, जहां आपको सारे सेव किए हुए वीडियो दिखाई देंगे. इनमें से किसी भी वीडियो को सलेक्ट करके आप उसे बिना इंटरनेट के आराम से देख सकते हैं.

किसके लिए है ये तरीका सबसे ज्यादा फायदेमंद ?

यह तरीका खासतौर पर उन लोगों के लिए बहुत काम का है जो सफर में रहते हैं. ट्रेन, बस या किसी ऐसे इलाके में जहां नेटवर्क की दिक्कत होती है, वहां यह फीचर बहुत मददगार है. छोटे बच्चों वाले पैरंट्स के लिए भी यह तरीका राहत भरा है. बच्चे जब यूट्यूब देखने की जिद करें, तो ऑफलाइन वीडियो दिखाकर उन्हें खुश रखा जा सकता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.